सेन्टर ऑफ मीडिया स्टडीज में विश्व रेडियो दिवस13.2.2023 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम

जन माध्यम के रूप में रेडियो पूरे विश्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। भारत में रेडियो ने न केवल सामाजिक विकास में योगदान दिया है बल्कि युद्ध और आपदा के समय भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। ऐसे समय में जब सोशल मीडिया फेक न्यूज फैलाने का माध्यम बन गया है, तब हमारे परम्परागत मीडिया उपक्रम विशेष कर रेडियो लोगो में विश्वास बनाये रखने में कामयाब रहा है। यह बात आकाशवाणी नई दिल्ली के वरिष्ठ ब्रॉडकास्टर अभिनय श्रीवास्तव ने कही। श्री श्रीवास्तव विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

अपने ऑनलाइन सम्बोधन में श्री श्रीवास्तव ने देश के विकास में आकाशवाणी की भूमिका को सराहा और कहा कि आज भी देश में सबसे अधिक उपयोग में आने वाला माध्यम रेडियो ही बना हुआ है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि आने वाले दिनों में रेडियो अपनी सार्थकता को पहले से कहीं अधिक सिद्ध करता रहेगा।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में सेन्टर के कोर्स कोआर्डिनेटर डा0 धनंजय चोपड़ा ने कहा कि आज का समय ऑडियो प्रोडक्शन का बेहतर समय है। ऑडियो की दुनिया इन्टरनेट का साथ पाकर लगातार बड़ी हो रही है। ऐसे में ऑडियो के सबसे सुलभ माध्यम रेडियो को शांति और विकास का पर्याय बनाया जा सकता है।

विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर यूनेस्को द्वारा दी गयी थीम ''रेडियो और विश्व शांति'' विषय पर विद्यार्थियों के लिए शोध पत्र व शोध आलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बी.वोक. इन मीडिया प्रोडक्शन के अभिषेक भट्ट को प्रथम स्थान, बी.ए. इन मीडिया स्टडीज के आयुष राज को द्वितीय स्थान तथा बी.वोक. इन मीडिया प्रोडक्शन की निधि कुशवाहा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर सेन्टर के अध्यापक विद्यासागर मिश्र, सचिन मेहरोत्रा, अमित मौर्या, प्रियंका मिश्रा और के. राशि कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम कासंचालन बी.ए. इन मीडिया स्टडीज की छात्रा आंचल तिवारी ने किया।

सेन्टर ऑफ मीडिया स्टडीज

मीडिया स्टडीज के विद्यार्थियों ने सीखा एनिमेशन

14.2.2023 को सेन्टर आॅफ मीडिया स्टडीज ने एम.वोक. के विद्यार्थियों के लिए एनिमेशन टेक्निक कार्यशाला का आयोजन किया। सात दिनांे तक चली इस कार्यशााल में एनिमेशन एक्स्पर्ट सुजीत केसरवानी ने विद्यार्थियों को 2डी व 3डी एनिमेशन के साथ-साथ कई एनिमेशन साफ्टवेयर पर काम करने का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के उपरान्त विद्यार्थियों को एनिमेशन टेक्निक से जुड़े प्रोजेक्ट कार्य भी पूरे कराये गये।

कार्यशाला के समापन अवसर पर सेन्टर के कोर्स कोआर्डिनेटर डा0 धनंजय चोपड़ा ने कहा कि वर्तमान में मीडिया इण्डस्ट्री जिस तरह से लगातार विस्तार ले रही है, उसे देखते हुए यह कहा जा सकता है कि एनिमेशन की जानकारी होना अब अपरिहार्य सा है। यही वजह है कि मीडिया स्टडीज के विद्यार्थियों के लिए इस तरह की कार्यशाला बहुत उपयोगी होती है। कार्यशाला के समापन पर कम्प्यूटर अध्यापक सचिन मेहरोत्रा ने सभी के प्रति आभार ज्ञापन किया।

Heartiest congratulations to the students selected from the Centre of Media Studies as Casual Assignee in All India Radio(Akashwani) Prayagraj.

Out of total 30 selected candidates, 10 students are from the Centre of Media Studies, the University of Allahabad.

Centre of Media Studies
Institute of Professional Studies, University of Allahabad

Many - Many Congratulation and Best Wishes to all the students of Centre of Media Studies selected as Casual Assignee at the All India Radio (Aakashwani), Prayagraj.

B.A Media Studies

Sakshi Pandev
Lata Mishra
Akshya Pratap Singh

B.Voc Media Studies/Production

Akanksha
Rakhi Tripathi
Abhishek Bhatt
Nidhi Kushwaha

M.Voc Media Studies

Pooja Yadav
Prateek Kr Pandey

- ***Many congratulations to all the selected students from Coordinator Professor Sanjay Dutta Roy and Course Coordinator Dr. Dhananjai Chopra.***